govtcollegejalore@gmail.com

कार्यालय प्राचार्य, वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जालोर

क्रमांक- वीवीराम्जा/2022-23/

दिनांक :- 2-10-2021

दिनांक 02.10.2021 को 3.00 बजे IQAC की बैठक प्राचार्य श्री अर्जुन सिंह उज्ज्वल की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें निम्न सदस्य उपस्थित रहे -

1. डॉ. हरिश चन्द्र, प्रभारी , IQAC, 2. डॉ. ललित कुमार, 3. श्रीमती कृष्णा देवल 4. श्रीमती रीनू कुमारी, 5. श्रीमती ललिता यादव, 6. श्री विक्रम टांक 7. श्री सुरेश कुमार

बैठक में निम्न बिन्दुओं पर विचार-विमर्श किए गए :-

2. समस्त संकाय सदस्यों के शैक्षणिक अन्नयन हेतु अपने विषय से संबंधित राष्ट्रीय स्तर की संस्था/Associate की आजीवन सदस्यता ग्रहण करने हेतु प्रेरित किया

3. महाविद्यालय परिसर में सौन्दयीकरण के लिए बगीया/रिलिया/उद्यान विकसित करने हेतु भामाशाह/महाविद्यालय संकाय सदस्यों से स्वैच्छिक आर्थिक सहयोग ।

4. महाविद्यालय NCC/NSS के स्वयं सेवकों को आपदा प्रबंधक प्रशिक्षण (यथा - आगजनी, बाढ, भूकम्प) हेतु जिला प्रशासन/स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग में कार्यशाला आयोजित करने का प्रयास किया जावें।

6 गत बैठक (दिनांक 30.01.2021) में STAKEHOLDERS (छात्रों एवं अभिभावकों) से FEIDBACK प्राप्त करने हेतु प्रशनावली तैयार की गई।

छात्रावास की मरम्मत कर छात्रों को प्रवेश दिया प्राचार्य के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

प्राचार्य

वी.वी.रा.स्ना.महा.,जालोर

राजकीय महाविद्यालय,जालोर

govtcollegejalore@gmail.com

कार्यालय प्राचार्य, वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जालोर

क्रमांक:- वीवीराजमजा/2022-23/ दिनांक :- 17-12-21

दिनांक 17.12.2021 को 3.00 बजे IQAC की बैठक प्राचार्य श्री अर्जुन सिंह उज्ज्वल की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें निम्न सदस्य उपस्थित रहे -

1. डॉ. हरिश चन्द्र, प्रभारी , IQAC, 2. डॉ. ललित कुमार, 3. श्रीमती कृष्णा देवल
4. श्रीमती रीनू कुमारी, 5. श्रीमती ललिता यादव, 6. श्री विक्रम टांक 7. श्री सुरेश कुमार

बैठक में निम्न निर्णय लिये गये :- छात्रों को छात्रावास में प्रवेश दिया गया। छात्रावास की देख-रेख हेतु वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. ललित कुमार को वार्डन नियुक्त किया गया। छात्रावास में सुविधाओं के विस्तार हेतु भामाशाहों से आर्थिक सहयोग लेने का निर्णय लिया गया।

2. महाविद्यालय मे वनस्पति उद्यान को विकसित करने से पूर्व पेड़-पौधो की सुरक्षा हेतु चिन्हत स्थान पर एल आकार में चार दिवारी का निर्माण किया जाना अति आवश्यक है। इस हेतु सांसद/विधायक महोदय एवं अन्य भामाशाहों से आर्थिक सहयोग से उक्त कार्य पूर्ण किया जावें।

3. महाविद्यालय में सत्र पर्यन्त विभिन्न खेलकूद गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु महाविद्यालय के पाश्र्म भाग के मैदान की सफाई किया जाना आवश्यक है। साथ ही उक्त मैदान में चार मीटर का ट्रेक का निर्माण भी किया जाना है। इस हेतु भामाशाह/सांसद/विधायक महोदय के आर्थिक सहयोग के द्वारा उक्त कार्य पूर्ण किया जावे।

1. डॉ. हरिशचन्द्र
2. डॉ ललितकुमार
3. श्रीमती कृष्णा देवल
4. श्रीमती रीनू कुमारी — रीनू
5. श्रीमती ललिता यादव — Lalita
6. श्री विक्रम टांक
7. श्री सुरेश कुमार

प्राचार्य
वी.वी.राज.स्ना.महा.,जालोर
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय,जालोर

# IQAC की मीटिंग

दिनांक 5-2-2022

## कार्यवाही विवरण

IQAC के कुशल क्रियान्वयन एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा के निर्धारण हेतु आज दिनांक 5 फरवरी 2022 को एक आवश्यक बैठक प्राचार्य श्री अर्जुन सिंह उज्ज्वल की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें निम्नांकित सदस्य उपस्थित रहे।

(1.) डॉ. हरिश चन्द्र (5) श्री विजय सिंह
(2.) डॉ. ललित कुमार (6.) श्री. चन्दन प्रकाश
(3.) श्रीमती कृष्णा देवल
(4.) श्रीमती रीतू कुमारी

(1) आज की बैठक में पूर्व बैठक दिनांक 17/12/2021 की कार्यवाही पर विचार विमर्श किया गया पूर्व बैठक के महत्वपूर्ण निर्णय यथा - छात्रावास में सुविधा विस्तार के तहत क्रियान्विति स्वरूप यह पाया कि छात्रावास में विद्युत व्यवस्था तुरन्त करवाई बैठक में पर्यावरण पहलू के अन्तर्गत की गई चर्चा में यह तथ्य स्पष्ट हुआ कि महाविद्यालय परिसर में अब भी अनेक स्थानों पर पेड़-पौधे लगवाने शेष है

(2) सरकारी सेवाओं के लिए आयोजित प्रति. परीक्षाओं में बढ़ती नकल तथा आउट होते पेपरों को देखते हुए महाविद्यालय के सभी कक्षों में C.C.T.V कैमरों को लगवाने एवं उनकी मॉनिटरिंग पर ध्यान देना आज की बैठक में चर्चा का विषय रहा

(3) महा. में Placement-Agency द्वारा रोजगार मेले का आयोजन हो

(4.) सभी विद्यार्थियों के E-mail Address सही अंकित करवाकर विषय

(5) विशेषज्ञ (सम्बन्धित शिक्षकों) द्वारा छात्र/अभिभावक के फीडबैक प्राप्त हो

(6.) सरकारी सेवा में चयनित हो चुके महा. के छात्रों की सूची तैयार की जा

(7.) स्मार्ट कक्ष में विद्युत व्यवस्था / बैटरी इन्वर्टर द्वारा निरन्तर रखी जाए

उपर्युक्त बिन्दुओं पर विचार विमर्श कर लिए गये निर्णयों की क्रियान्विति को आवश्यक मानते हुए IQAC ...

## दि. 25-04-2022 IQAC की बैठक

आज दिनांक 25-4-2022 को IQAC की आवश्यक बैठक का आयोजन प्राचार्य श्री अर्जुनसिंह उज्ज्वल की अध्यक्षता में किया गया। आज की बैठक में निम्नांकित सदस्य उपस्थित रहे।

[1.] डॉ॰ हरीशचन्द्र
[2] श्री आर.एल. जोगिया
[3] डॉ. ललित कुमार
[4] श्रीमती कृष्णा देवल
[5] श्रीमती ललिता यादव
[6] श्री विक्रम टाक
[7] श्री सुरेश कुमार

अध्यक्ष की उपस्थिति में पूर्व की बैठक के विषय सदन के सदस्यों के समक्ष रखते हुए उनकी क्रियान्विति पर चर्चा की गई।

[1.] आज की बैठक में विद्यार्थियों में शोध की प्रवृत्ति विकसित करने पर जोर देने की बात कही गई। इस हेतु P.G. की छात्र/छात्राओं की एक कार्यशाला आयोजित करवाई जाए और उनका इस क्षेत्र में रुझान बढ़ाने का प्रयास किया जाए।

[2.] महाविद्यालय में सेमीनार कक्ष की महत्ती आवश्यकता है अत: किसी भामाशाह या माननीय सांसद अथवा विधायक कोटे से बनवाने हेतु प्रयास किया जाए।

[3] पिछली बैठक में Placement Agency द्वारा रोजगार मेले की बात गई थी किन्तु Agency वालों की रुचि कम नजर आई इस हेतु जिला प्रशासन व जिला रोजगार कार्यालय से सम्पर्क कर बड़ा रोजगार मेला जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित किया जाए। इसमें महाविद्यालय के छात्रों को भेजा जाए।

P.T.O.

[4] महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए एक स्थाई Help-Desk की स्थापना की जाए तो छात्रों को विभिन्न परीक्षाओं के फॉर्म भरवाने, स्कालरशिप सम्बन्धी जानकारी देने, रोजगार के लिए वैकेन्सी की सूचना समय-समय पर देने का कार्य करे।

[5] वनस्पति उद्यान को इस तरह से विकसित किया जाये कि इसमें विद्यार्थी जहां एक तरफ प्रेक्टिकल के कार्य कर सके वही दूसरी तरफ उनमें पर्यावरण की सुरक्षा व पर्यावरण में वनस्पति के महत्व की समझ विकसित हो सके

[6] महाविद्यालय के छात्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विकसित की जाए इसके लिए योग व्यायाम के निरन्तर शिविर आयोजित करवाए जाए। साथ ही समय-समय पर हैल्थ परीक्षण शिविर लगा कर छात्र/छात्राओं के हेमोग्लोबिन मात्रा की जॉच करवाई जाए।

[7] महाविद्यालय में पानी की पाइपलाइन चूंकि पुरानी पड़ जाने के कारण बार-बार टूट जाती है अतः PHED विभाग से नई पानी की पाइपलाइन डलवाने के लिए लिखा जाए।

[8] महाविद्यालय परिसर में रात्री के समय अन्धेरा अधिक रहने के कारण चोरी की सम्भावना ज्यादा रहती अतः तीन चार स्थानों पर बड़ी बड़ी मरकरी लाइट लगवाई जाए साथ ही बाउन्ड्री की दीवार को ऊंचा करवाया जाए।

उपर्युक्त बिन्दुओं पर चर्चा कर इन्हे समय पर पूरा करने के निर्णय के साथ आज की बैठक समाप्त की गई। IQAC प्रभारी ने धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक समाप्ति की घोषणा की।

प्राचार्य